Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच


वर्ष: 07 अंक: 47 | मंगलवार, 17 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बांग्लादेश में आज तारिक रहमान लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद तारिक रहमान मंगलवार को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ ही 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सत्ता में वापसी हो जाएगी। पहली बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे 60 वर्षीय रहमान पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे हैं। छात्र आंदोलन के चलते पांच अगस्त, 2024 को शेख हसीना की अगुआई वाली अवामी लीग सरकार के अपदस्थ होने के बाद गुरुवार को पहला आम चुनाव कराया गया था, जिसमें बीएनपी को दो तिहाई सीटों पर जीत मिली। नई सरकार के गठन के साथ ही मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के करीब 18 महीने के शासन का अंत हो जाएगा। सचिवालय सचिव कनीज मौला के हवाले से बताया, 'संसद परिसर के साउथ प्लाजा में मंगलवार शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन नई कैबिनेट को शपथ दिलाएंगे।

## 'पीएम सूर्य घर योजना' पर संकट के बादल, बैंकों की बेरुखी और डिस्कॉम के चलते धीमी पड़ी रफ्तार



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' वर्तमान में अपनी राह में बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। भारी सब्सिडी और सरकार के कड़े रुख के बावजूद, बैंकों की ऋण देने में अनिच्छा और राज्य बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम्स) के सीमित सहयोग के कारण यह योजना लक्ष्य से पिछड़ती दिख रही है।

ऋण संबंधी बाधाएं और आंकड़ों का गणित फरवरी 2024 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य मार्च 2025 तक 40 लाख आवासीय छतों पर सौर पैनल स्थापित करना था, जिसमें लागत का 40 प्रतिशत तक सब्सिडी के रूप में देने का प्रविधान है।

## गवर्नर के अपमान पर एसपी पर बरसे सीएम योगी

# '...गोली चलाने वालों से सम्मान की उम्मीद मूर्खता'



**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामे को लेकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला, इसे एक महिला राज्यपाल और संवैधानिक पद का अपमान बताया।

उन्होंने सपा पर राम मंदिर का विरोध करने और राष्ट्रगान का अनादर करने का आरोप लगाते हुए अपनी सरकार की कानून-व्यवस्था और विकास की उपलब्धियां गिनाईं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राज्य के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संबोधन के दौरान हंगामा करने के लिए समाजवादी पार्टी की कड़ी आलोचना की। विधान परिषद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल का व्यवहार न केवल राज्य के संवैधानिक प्रमुख का अपमान है, बल्कि महिलाओं की गरिमा का भी अपमान है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्यपाल का संबोधन एक ऐसा दस्तावेज है जो सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना को रेखांकित करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस संवैधानिक प्रक्रिया के दौरान मुख्य विपक्षी दल का आचरण अत्यंत निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं। विपक्षी दल का इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पद के प्रति व्यवहार लोकतंत्र को कमजोर करता है... यह घोर अनादर की श्रेणी में आता है। विपक्ष की प्रकृति को देखते हुए, उनसे संवैधानिक प्रमुख का सम्मान करने की अपेक्षा करना मूर्खता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना और संवैधानिक प्रमुखों के प्रति आदर और सम्मान की भावना बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। हमें ऐसा कोई भी व्यवहार नहीं करना चाहिए जो देश की आने वाली पीढ़ियों को गलत दिशा में ले जाए... जब विपक्ष का ऐसा रवैया हो, तो उनसे ऐसे आचरण की अपेक्षा करना व्यर्थ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एक यात्रा शुरू की है... राष्ट्र और विश्व इस बात को स्वीकार करते हैं कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन आया है।

## भारत ने ईरान से जुड़े तीन अमेरिकी प्रतिबंधित टैंकरों को किया जब्त



**नई दिल्ली।**

भारत ने इस महीने ईरान से जुड़े तीन अमेरिकी प्रतिबंधित तेल टैंकरों को जब्त किया है और अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए अपने समुद्री क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि फरवरी में भारतीय अधिकारियों द्वारा एक्स पर एक पोस्ट से इस खबर की पुष्टि हुई थी, जिसे बाद में हटा दिया गया था।

मामले की सीधी जानकारी रखने वाले सूत्र ने बताया कि भारत का उद्देश्य अपने जलक्षेत्र का उपयोग उन जहाजों के बीच तेल हस्तांतरण के लिए होने से रोकना है, जिनसे तेल कार्गो के स्त्रोत को छिपाया जा सके। ये जब्ती और कड़ी निगरानी अमेरिका-भारत संबंधों में सुधार के बाद हुई है। वाशिंगटन ने इस महीने की शुरूआत में घोषणा की थी कि वह भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, क्योंकि भारत रूसी तेल आयात बंद करने पर सहमत हो गया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के सूत्रों के अनुसार, प्रतिबंधित तीनों जहाज स्टेलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया तटीय राज्यों द्वारा कानून प्रवर्तन से बचने के लिए अक्सर अपनी पहचान बदलते रहते थे। ईरानी सरकारी मीडिया ने नेशनल ईरानी आयल कंपनी के हवाले से बताया कि भारत द्वारा जब्त किए गए तीनों टैंकरों का कंपनी से कोई संबंध नहीं है।

## गौतम गंभीर को राजस्थान रॉयल्स का मेंटर, सीईओ, पार्टनर बनने का प्रस्ताव




**नई दिल्ली।**

आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स (फफ) को जल्द ही नए मालिक मिल जाएंगे। राजस्थान रॉयल्स का नया प्रबंधन भारतीय कोच गौतम गंभीर को अपना पार्टनर, मेंटर और सीईओ बनाना चाहता है। इसको लेकर आरआर के तीन नए मालिकों में से एक ने गंभीर को प्रस्ताव भेजा है। हालांकि जब तक गंभीर भारतीय कोच हैं तब तक वह इन डील को स्वीकार नहीं कर सकते हैं। गंभीर ने कप्तान और मेंटर के तौर पर कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाया। उनके मेंटर रहते हुए नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स ने अच्छा प्रदर्शन किया और हर बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। इतना ही नहीं उनके कोच रहते हुए भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। राजस्थान रॉयल्स के अधिकतर शेयर धारक अपना हिस्सा नए मालिकों को बेच रहे हैं। डील हस्तांतरण की स्थिति में है। आरआर के नए प्रबंधन के शामिल एक मालिक ने गंभीर को दो-तीन प्रतिशत की हिस्सेदारी के अलावा सीईओ और मेंटर बनने का प्रस्ताव दिया है। लोढ़ा समिति की सिफारिशों के बाद आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार कोई व्यक्ति भारतीय कोच होने के साथ आईपीएल की किसी फ्रेंचाइजी का पार्टनर, सीईओ और मेंटर नहीं बन सकता। इसे हितों का टकराव माना जाएगा।

## पीएम मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय वार्ता

# भारत के लिए फ्रांस बनेगा 'नया रूस', मुंबई पहुंचे इमैनुएल मैक्रों




**नई दिल्ली।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत दौरे के लिए मुंबई पहुंच चुके हैं। उनकी आज से शुरू हो रही तीन दिवसीय भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब रक्षा सहयोग में तेजी से बढ़ती नजदीकियों के कारण यह कहा जाने लगा है कि भारत के लिए फ्रांस 'नया रूस' बनता जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि जिस तरह दशकों तक रूस भारत का सबसे भरोसेमंद रक्षा साझेदार रहा, उसी तरह अब फ्रांस भी दीर्घकालिक, उच्च तकनीक और भरोसेमंद रक्षा सहयोग के स्तंभ के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत में रहेंगे। द्विपक्षीय वार्ता में दोनों नेता भारत-फ्रांस सामरिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और सहयोग को नए एवं उभरते क्षेत्रों में विस्तार देने पर चर्चा करेंगे। मंगलवार शाम को मोदी और मैक्रों संयुक्त रूप से 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' का उद्घाटन भी करेंगे। मैक्रों की यह भारत की चौथी और मुंबई की पहली यात्रा है। 17 फरवरी को बेंगलुरु में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की अगुवाई में भविष्य की रक्षा रूपरेखा पर चर्चा होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वैटरीन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई अहम रक्षा सौदों को मंजूरी मिलने की भी संभावना है। भारत और फ्रांस के संबंधों में रक्षा क्षेत्र केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।

## श्रद्धालुओं को अब फ्री में मिलेगा मां वैष्णो देवी का प्रसाद




**कटड़ा।**

महाशिवरात्रि पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए निश्शुल्क प्रसाद वितरण की शुरूआत की है। वैदिक रीति-रिवाजों और कन्या पूजन के बाद इस सेवा का शुभारंभ किया गया। इसकी औपचारिक घोषणा बोर्ड की गत दिनों हुई बैठक में अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने की थी। श्रद्धालुओं को वितरित किए जाने वाले प्रसाद के लिए बोर्ड ने विशेष रूप से पाउच प्रसाद तैयार किया है, जिसमें सूखे मेवे, पवित्र मौली (कलावा) और पवित्र पिंडियों की आकृति अंकित सिक्का शामिल है, जो श्री माता वैष्णो देवी के दिव्य आशीर्वाद का प्रतीक है। प्रसाद पाउच को स्वच्छता, पवित्रता और सुविधाजनक वितरण को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) सचिन कुमार वैश्या ने बताया कि महाशिवरात्रि का दिन धार्मिक महत्व रखता है। इसलिए इस पावन दिन पर प्रसाद वितरण की शुरूआत की है। दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं को निकास मार्ग पर प्रसाद उपलब्ध कराया जा रहा। बोर्ड तीर्थयात्रियों की सुविधा और कल्याण के लिए निरंतर नई योजनाएं लागू कर रहा है।

**श्राइन बोर्ड ने शुरू की अनूठी पहल**

## एपस्टीन से रिश्तों पर ट्रंप बोले- मेरा उससे कोई लेना-देना नहीं, मुझे आरोपों से बरी कर दिया गया

**नई दिल्ली।**



जेफरी एपस्टीन से जुड़े सार्वजनिक दस्तावेजों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम सामने आने के बाद नई राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। जारी फाइलों में उनके पुराने संपर्कों का उल्लेख है, लेकिन किसी भी दस्तावेज में उन्हें आपराधिक मामले में आरोपी नहीं बताया गया है। अमेरिकी कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के दस्तावेजों के सामने आने के बाद से ही दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। कई दिग्गज हस्तियों से लेकर वैश्विक नेताओं के एपस्टीन के साथ संबंध सामने आए हैं। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम भी जुड़ा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में खुद को क्लीन चिट दे दी है। एयर फोर्स वन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा, 'मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। मुझे बरी कर दिया गया है। मेरा जेफरी एपस्टीन से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे एपस्टीन मामले में पूरी तरह से बरी कर दिया गया है।' जेफरी एपस्टीन से जुड़े सार्वजनिक किए गए सरकारी दस्तावेजों में डोनाल्ड ट्रंप का नाम कई बार आया है। इसकी वजह से अमेरिका की राजनीति और मीडिया में नई बहस छिड़ गई है। अमेरिकी न्याय विभाग ने जेफरी एपस्टीन से जुड़े हजारों दस्तावेजों को सार्वजनिक किया है। इनमें से कई में ट्रंप का जिक्र दर्ज है।

## यूपी-एमपी और उत्तराखंड समेत 10 राज्यों में होगी झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। फरवरी के महीने में मार्च जैसी गर्मी पड़नी शुरू हो गई। तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी के बीच मौसम विभाग ने आज और कल यानी 17 और 18 फरवरी को 10 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अननुार, आज से 19 फरवरी तक 10 राज्यों में बारिश की संभावना है। जिन राज्यों में बारिश की संभावना है, उनमें यूपी, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, राजस्थान, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और तमिलनाडु शामिल हैं। अनुसार, एक नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से, 17 और 18 फरवरी 2026 को वेस्टर्न हिमालयी इलाके में हल्की से मीडियम बारिश/बर्फबारी और नॉर्थवेस्ट इंडिया के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश/गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वहीं, 18 फरवरी तक ओडिशा में कुछ जगहों पर सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का असर पश्चिमी यूपी के जिलों में देखने को मिल सकता है। 17 और 18 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से में हल्की बरिश होगी। हालांकि, पूरे प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी नहीं है। 17 और 18 फरवरी को मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत, शामली, गाजियाबाद और नोएडा में छिटपुट वर्षा/हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।



## संपादक की कलम से

# पाकिस्तान फिर पस्त

भारत की क्रिकेट टीम के मुकाबले पाकिस्तान की टीम का हारना तो तय था, लेकिन मैच इतना एकतरफा रहेगा और पाक टीम लगातार सरेंडर करेगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। हालांकि विश्व चैम्पियन रहे, भारत के महानायक बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर ने आकलन किया था कि टीम इंडिया बहुत सुपीरियर है। बीते दो सालों में वह खेल के चरमोत्कर्ष पर है। उसके मुकाबले पाक टीम तभी जीत सकती है, जब टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बहुत खराब खेलें। गावस्कर का आकलन सरस्वती वाणी साबित हुआ और सुपीरियर टीम ही विजयी रही। टी–20 विश्व कप के ग्रुप मैच में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से मात दी। विश्व कप में भारत के खिलाफ पाक टीम की यह सबसे बड़ी, रौंददार पराजय है। अब भारत के पक्ष में जीत–हार का समीकरण 8–1 हो गया है। अर्थात भारत ने टी–20 विश्व कप में 9 में से 8वीं बार पाक टीम को हराया है। यदि विश्व कप मुकाबलों को समग्रता में देखा जाए, तो दोनों टीमों ने कुल 17 मैच खेले हैं। उनमें से 16 मुकाबले टीम इंडिया ने जीते हैं। यह आईसीसी मुकाबलों में टीम इंडिया की लगातार 16वीं जीत है। हमने अंतिम पराजय एकदिनी विश्व कप, 2023 के फाइनल में झेली थी। उसके बाद टीम इंडिया अपराजेय रही है। कमोबेश टी–20 में उसने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की चैम्पियन रही टीमों को परास्त किया है और फिलहाल वह विश्व चैम्पियन टीम है। टी–20 में भारत की रैंकिंग नंबर एक है, जबकि पाकिस्तान 6–7वें स्थान पर है। टीम इंडिया ने कोलंबो की स्विंग, स्पिन और टर्निंग पिच पर 175 रन बनाए, जिसके नायक रहे इशान किशन। उन्होंने 40 गेंदों पर 77 रन बनाए और 10 चौके, तीन छक्के ठोंक दिए। यह टीम इंडिया के खेल की बानगी भर है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बधाई। यह विश्व कप में पाक टीम के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है। इस पिच पर 150–160 रन बना कर भी विरोधी टीम को पस्त किया जा सकता है। बहरहाल पाक टीम 114 रन ही बना पाई और पूरे 20 ओवर भी खेल नहीं सकी। हमारे बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पंड्या ने 2–2 विकेट लिए और कुलदीप यादव, तिलक वर्मा के हिस्से भी 1–1 विकेट आई। यह विश्व कप में पाक टीम का तीसरा सबसे कम स्कोर है। पाकिस्तान के उस्मान खान ने ही संघर्ष करके 44 रन बनाए और अंत में शाहीन ने नाबाद 23 रन बनाए, लेकिन तब तक मैच मुी से सरक चुका था। शेष पाक टीम के बल्लेबाज बिखरते चले गए। ऐसा लग रहा था मानो किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के सामने कोई स्थानीय स्तर की नौसीखिया टीम खेल रही हो! बाबर आजम 142–143 मैच खेल चुके हैं, बड़े मंचों पर वह लगातार नाकाम रहे हैं, उन्होंने मात्र 5 रन बनाए और अक्षर ने उन्हें बोल्ड कर दिया, लिहाजा उन्हें अब संन्यास पर विचार करना चाहिए। बहरहाल भारत–पाक मैच के आंकड़े और विवरण दुनिया के सामने है, लेकिन अब कृत्रिम उन्माद और मिथक खत्म कर देने चाहिए। दशकों से शोर मचाया जाता रहा है कि भारत–पाक का मैच महामुकाबला है, सबसे बड़ी भिड़ंत है, क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है। अब ये छद्म विशेषण समाप्त किए जाने चाहिए, क्योंकि मुकाबलों के नतीजे और सच सामने हैं। कोई तुलना नहीं, कोई मुकाबला नहीं, कोई बराबरी नहीं, भारत–पाक टीमों के प्रदर्शनों में जमीन–आसमान का फर्क है।



ललित शर्मा
संपादक



उदय किशोर साह

## वो दौलत है जग में हराम

कविता

वो दौलत जग में है हराम
जो ना आये मानवता के काम
धन संचय को करो नाकाम
शोषण का हो अंत सरे आम

चैन से कोई महल में है सोता
कोई फुटपाथ पे बैठ कर रोता
कोई खा खाकर होता है बीमार
कहीं भूख से तड़प रहा परिवार

कहीं दौलत सर दर्द बन आई
कहीं दौलत बिन ईलाज ना पाई
ये कैसी व्यवस्था है जग में भाई
दौलत से ही दौलत की कमाई

अमीरी गरीबी बीच बढ़ गई खाई
नीच ऊँच की हो रही है लड़ाई
दौलत ने भेद भाव संमाज बनाई
वैमनस्यता की बीज ये अंकुराई

अर्थ अभाव में भूखे बालक रोता
रईसजादा कहीं आराम से सोता
पेट की आग गरीबों के घर आई
किस्मत की ये खेल है मेरे भाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में "दुर्गा आंगन" का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।

बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो। ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने "जय श्रीराम" के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने "जय मां दुर्गा" और "चंडी पाठ" के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-"बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है"-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा "बाबरी मस्जिद" के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है। यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें "बांग्लादेशी" कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है-धर्म, पहचान और भय। ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म-आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन-क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल कौन किसका प्रतिनिधि है तक सीमित रह गया, तो कौन क्या करेगा का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा। बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है-रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने-बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी। दूसरी ओर, यदि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग सांस्कृतिक आत्मगौरव के साथ विकास-प्रतिबद्धता को जोड़ने में किया जाए, तो वह सकारात्मक भी हो सकता है। इस चुनाव में भाजपा की रणनीति हिंदू मतों का अधिकतम ध्रूवीकरण है; ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय-संभावना चुनाव को जटिल बनाती है। परंतु अंततः लोकतंत्र की परिपक्वता मतदाता तय करता है। यदि बंगाल का मतदाता विकास, रोजगार और सुशासन को प्राथमिकता देता है, तो राजनीतिक दलों को अपना विमर्श बदलना होगा। यदि वह पहचान की राजनीति को स्वीकार करता है, तो वही भविष्य की दिशा बनेगी। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन जीतेगा; प्रश्न यह है कि जीत का एजेंडा क्या होगा? क्या धर्म के आधार पर लड़ा गया चुनाव सार्थक मूल्य स्थापित कर पाएगा? या यह राज्य को और अधिक वैचारिक खाइयों में धकेल देगा? बंगाल की धरती ने अनेक बार भारत को नई वैचारिक दिशा दी है। आज फिर अवसर है-या तो वह धर्म बनाम धर्म की बहस में उलझे, या धर्म को नैतिकता और विकास की प्रेरणा बनाकर नई राजनीति की राह खोले। चुनाव परिणाम चाहे जो हो, असली कसौटी यही होगी कि क्या बंगाल अपनी आर्थिक ऊर्जा, सांस्कृतिक उदारता और सामाजिक समरसता को पुनः प्राप्त कर पाता है। यदि नहीं, तो धर्म की ध्वजा चाहे जितनी ऊंची फहराई जाए, विकास का शून्य अंततः सबको दिखाई देगा।



ललित गर्ग

# हाथ से लिखना: तेज रफ्तार समय में मन का ठहराव

आज का समय गति का है। सुबह आँख खुलते ही मोबाइल स्क्रीन चमकने लगती है, सूचनाओं की बाढ़ हमारे भीतर उतरने लगती है और दिन कब शुरू होकर कब थकान में बदल जाता है, पता ही नहीं चलता। ई-मेल, व्हाट्सऐप, नोटिफिकेशन और सोशल मीडिया—सब मिलकर हमारे ध्यान, हमारी भावनाओं और हमारे समय पर लगातार दावा करते रहते हैं। इस डिजिटल युग में संवाद तो बढ़ा है, लेकिन आत्मसंवाद कहीं पीछे छूट गया है। ऐसे में हाथ से लिखने जैसी सरल, शांत और आत्मीय प्रक्रिया का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ जाता है।

हाथ से लिखना सिर्फ.शब्दों को कागज पर उतारना नहीं है, यह मन को गति से बाहर निकालकर ठहराव की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। जब हम कलम उठाते हैं, तो शरीर और मस्तिष्क एक लय में आते हैं। उँगलियों की गति, स्याही की धार और कागज का स्पर्श—ये सब मिलकर हमारे भीतर चल रहे शोर को धीरे-धीरे शांत करने लगते हैं। यही कारण है कि दिन के अंत में, सोने से पहले यदि कोई व्यक्ति अपनी दिनचर्या की पाँच पंक्तियाँ भी लिख लेता है, तो उसे एक अनकहा सुकून मिलता है—ऐसा सुकून जिसे शब्दों में बाँध पाना कठिन होता है।

आज की जीवनशैली में तनाव, चिंता और अनिद्रा आम समस्याएँ बन चुकी हैं। हम दिन भर दूसरों के लिए सोचते हैं—काम के लिए, परिवार के लिए, समाज के लिए—लेकिन अपने मन से बातचीत का समय शायद ही निकाल पाते हैं। लिखना इस कमी को पूरा करता है। जब हम अपने अनुभव, भावनाएँ और विचार कागज पर उतारते हैं, तो हम उन्हें स्वीकार करते हैं। यह स्वीकार्यता ही मानसिक शांति की पहली सीढ़ी है। मन के भीतर जो बातें उलझन बनकर घूमती रहती हैं, वे लिखते ही स्पष्ट होने लगती हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि हाथ से लिखना मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करता है, जो भावनात्मक संतुलन और स्मृति से जुड़े होते हैं। डिजिटल टाइपिंग की तुलना में हाथ से लिखे शब्दों का प्रभाव अधिक गहरा होता है, क्योंकि इसमें सोच और लिखने के बीच सीधा संबंध बनता है। यही कारण है कि जब हम अपनी परेशानियाँ, डर या थकान लिखते हैं, तो उनका बोझ हल्का महसूस होने लगता है। यह प्रक्रिया एक तरह की आत्मचिकित्सा बन जाती है—बिना किसी दवा, बिना किसी खर्च के।



प्रियंका सौरभ

रात के समय लिखने की आदत विशेष रूप से प्रभावी मानी जाती है। दिन भर की घटनाएँ, भावनाएँ और प्रतिक्रियाएँ मन में जमा रहती हैं। यदि हम उन्हें वहीं छोड़कर सो जाते हैं, तो वे नींद में भी हमारा पीछा करती हैं। लेकिन जब हम सोने से पहले उन्हें लिख देते हैं, तो मन को संकेत मिलता है कि अब दिन पूरा हो चुका है। यह संकेत नींद की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है। पाँच पंक्तियाँ ही सही—आज क्या अच्छा हुआ, क्या कठिन लगा, किस बात ने मुस्कुराया, किस बात ने सिखाया—इतना लिखना भी पर्याप्त है। हाथ से लिखना हमें ईमानदार बनाता है। यहाँ न कोई लाइक है, न कोई टिप्पणी, न कोई बाहरी मूल्यांकन। यह एक निजी स्थान है, जहाँ हम बिना डर के अपने सच को रख सकते हैं। कई बार हम समाज के डर से या दूसरों की अपेक्षाओं के कारण अपनी भावनाओं को दबा लेते हैं। लिखना उन्हें सुरक्षित रास्ता देता है। कागज हमारा गवाह बनता है—न्याय नहीं करता, बस सुनता है।

आज बच्चों और युवाओं के जीवन में भी यह आदत अत्यंत आवश्यक हो गई है। डिजिटल शिक्षा और स्क्रीन-आधारित मनोरंजन ने उनकी लेखन क्षमता और एकाग्रता को प्रभावित किया है। हाथ से लिखने की आदत न केवल भाषा और अभिव्यक्ति को सशक्त बनाती है, बल्कि धैर्य और अनुशासन भी सिखाती है। जब बच्चा या युवा अपने मन की बात लिखना सीखता है, तो वह भावनात्मक रूप से अधिक संतुलित बनता है। यह मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। इतिहास गवाह है कि लेखन हमेशा से आत्ममंथन का साधन रहा है। डायरी लिखना, पत्र लिखना या विचारों को नोट करना—ये सब परंपराएँ केवल साहित्यिक नहीं थीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी थीं। आज जब हम इन परंपराओं से दूर हो रहे हैं, तब अवसाद और अकेलापन बढ़ रहा है। यह संयोग नहीं, बल्कि संकेत है कि हमें फिर से अपनी जड़ों की ओर लौटने की जरूरत है। यह कहना भी आवश्यक है कि हाथ से लिखना तकनीक का विरोध नहीं है। तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन संतुलन बनाए रखना हमारी ज़िम्मेदारी है। जैसे शरीर के लिए व्यायाम आवश्यक है, वैसे ही मन के लिए लिखना आवश्यक हो सकता है। दिन में भले ही हम डिजिटल माध्यमों पर निर्भर रहें, लेकिन रात को अपने लिए कुछ पल निकालना—कागज और कलम के साथ—एक स्वस्थ आदत है। कई लोग यह सोचकर लिखना शुरू नहीं करते कि उन्हें अच्छा लिखना नहीं आता। लेकिन लिखने का उद्देश्य साहित्य रचना नहीं, बल्कि मन की सफाई है। यहाँ व्याकरण, शैली या सुंदर शब्दों की आवश्यकता नहीं। जो जैसा महसूस हो, वैसा लिख देना ही पर्याप्त है। कभी-कभी टूटी-फूटी पंक्तियाँ भी मन की सबसे सच्ची आवाज होती हैं। समाज के स्तर पर भी यदि लिखने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए, तो यह मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। स्कूलों, कार्यस्थलों और परिवारों में यदि आत्मलेखन को प्रोत्साहित किया जाए, तो लोग अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ और व्यक्त कर पाएँगे। इससे संवाद सुधरेगा, तनाव घटेगा और रिश्तों में गहराई आएगी। अंततः, हाथ से लिखना हमें इंसान बनाए रखता है। यह हमें याद दिलाता है कि हम सिर्फ.उपभोक्ता या उत्पादक नहीं, बल्कि महसूस करने वाले जीव हैं। दिन के अंत में जब हम अपनी पाँच पंक्तियाँ लिखते हैं, तो हम खुद से कहते हैं—मैंने आज के दिन को देखा, जिया और स्वीकार किया। यही स्वीकार्यता सुकून बनकर दिल में उतरती है। तेज रफ्तार समय में ठहरना एक साहस है, और हाथ से लिखना उस साहस का सरल अभ्यास। कलम उठाइए, कागज खोलिए और खुद से मिलने का यह छोटा सा समय रोज दीजिए। हो सकता है दुनिया न बदले, लेकिन आपका मन जरूर बदल जाएगा—और यही सबसे बड़ा परिवर्तन है।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर एनआरएलएम एवं उपायुक्त उद्योग को रैंक में सुधार लाने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर**




**बिजनौर** 16 फरवरी, 2026:- जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे सभागार में मुख्य मंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्य से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग विभाग तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करते हुए विभागीय रैंक में सुधार लाना सुरक्षित करें। उन्होंने उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराज व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ओडीओपी सहित अन्य बिंदुओं पर रैंक में सुधार लाने के लिए अपने विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया कि वन विभाग बिना अनुमति के हरे भरे पेड़ों एवं बागो को काटने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर की टीकाकरण अभियान की शुरूआत



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन**। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग की टीम गोवर्धन के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में पहुंची जहां 5 से 10 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण विद्यालय के स्टाफ के समक्ष किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आज विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए टीका लगाए गए हैं, आजकल बच्चों में विभिन्न प्रकार के रोग देखने को मिल रहे हैं, जिसको देखते हुए आज प्राथमिक विद्यालय प्रथम में स्वास्थ्य विभाग की टीम की मौजूदगी में बच्चों का ध्यान रखने हेतु टीकाकरण किया गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधावल्लभ, डॉ रितेश निर्मल, डॉक्टर रोहतास तेवतिया, नेहा चौधरी, बीबी भारद्वाज, प्रिया भट्ट, उषा शर्मा, सुमन चौधरी, यूनिसेफ ममता, विद्यालय की प्रधानाचार्य अंतिम गर्ग, दारा सिंह, नीरज देवी, गायत्री अग्रवाल, रमा, मंजू, संगीता व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# बम बम भोले के जयकारों से गूंजा रत्नेश्वर महादेव मंदिर का प्रांगण



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता**। नगर के प्राचीन मंदिर रत्नेश्वर महादेव में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कावड़ लेकर आए भक्तों ने गंगा जल से अभिषेक किया।बम बम भोले के जयकारे लगाए। मंदिर सेवायत देवकी नंदन पुजारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर को भव्य सजाया गया शिव पार्वती को नवीन पोशाक धारण करवाई। रात्रिकाल में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया जिसमें अनेक जड़ी बूटियों एवं सप्त नदियों के जल से बाबा का अभिषेक कर सुंदर श्रृंगार किया गया। शाम को बाबा का ठंडाई प्रसाद का भोग लगाया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।उपस्थित जनों में गौरव शास्त्री, निखिल वार्ष्णेय, मंजीत वार्ष्णेय, ललित सोनी, मुकेश ठाकुर आदि भक्तजन रहे ।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**






**जनपद बिजनौर** किरतपुर।क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से एक बाइक सवार व्यक्ति की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई व दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी की और ट्रक और बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार करीब 11:30 बजे अरविंद पुत्र राम सिंह उम्र करीब 50 वर्ष अपने साथी गोरी शंकर निवासी जलालाबाद के साथ गांव आलोपुर से किसी कार्य हेतु पास के ही गांव उमरी जा रहा था।जैसे ही वह आलमपुर मार्केट चौराहा पार कर रहा था तभी किरतपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई और दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।देखते ही देखते मौके पर काफी भीड़ इखट्टा हो गई और अरविंद के परिजन और सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची ।घायल अवस्था में अरविंद को उसके परिजन किरतपुर के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गये जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसको जिला अस्पताल रेफर किया।घायल अरविंद को बिजनौर ले जाया जा रहा था लेकिन अरविंद ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।समाचार लिखें जाने तक गंभीर रूप से घायल गौरी शंकर का इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है की अरविंद ने अभी अपनी एक पुत्री की शादी की थी तथा उसके एक लड़की उम्र करीब 21 वर्ष और एक लड़का जिसकी उम्र करीब 16 वर्ष है जो शादी से रह रहे हैं। जब इस सम्बन्ध मे थाना प्रभरी पुष्पेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की ट्रक एवं ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक के परिजन के द्वारा दी गई तहरीर के हिसाब से सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा कायम कर लिया गया है।

# एडीओ सलीम मंसूरी को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर**। न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर में मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए नूरपुर ब्लॉक के एडीओ सलीम मंसूरी को विद्यालय समिति की ओर से विद्यालय के प्रबंधक नफीस अहमद ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर को मदरसा शिक्षा परिषद का परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमें परीक्षा केंद्र प्रभारी अशोक कुमार व सहायक केंद्र व्यवस्थापक शमशाद अहमद परीक्षा प्रभारी एडीओ नूरपुर सलीम मंसूरी को नियुक्त किया गया। उक्त परीक्षा केंद्र पर 15 मदरसो के छात्र व छात्राओं ने मुंशी मौलवी व अलीम की परीक्षा दी परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए एडीओ सलीम मंसूरी को विद्यालय प्रबंधक नफीस अहमद ने सम्मानित किया किया। परीक्षा संपन्न होने के उपरांत विद्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया इस समारोह में जाकिर हुसैन, शमशेर हुसैन बरम सिंह कश्मीरी आदि आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक हरपाल गुट ने महावन तहसील का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। सोमवार को भाकियू हरपाल गुट के किसान नेताओं ने जिला अध्यक्ष मथुरा शुभम शर्मा (एडवोकेट) के नेतृत्व में कई किसानों के साथ मिलकर महावन तहसील का घेराव किया जिसमें उन्होंने उपजिलाधिकारी महावन तथा तहसीलदार महावन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन संयुक्त रूप से एस.डी.एम व तहसीलदार महावन को सौंपा।

किसान नेताओं ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

किसानों की मुख्य मांग है कि तहसील महावन के मौजा रावल बांगर में स्थिति चक मार्ग जिसका खसरा नंबरझ20 हैं भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है किसान कई महीनों से तहसील के चक्कर काटकर परेशान है किन्तु प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। धरना प्रदर्शन में संगठन मंत्री रामजीलाल उपाध्याय, जिला सचिव मेघश्याम शर्मा, तहसील अध्यक्ष रमेश छौंकर, महिला मोर्चा की अध्यक्ष जसोदा देवी, रामहरि पचौरी, गोविन्द उपाध्याय, बल्देव आदि अनेक मंडल व जिले के पदाधिकारी तथा किसान मौजूद रहे।


# एसएसपी द्वारा थाना सिकन्द्राबाद का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना सिकन्द्राबाद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान महोदय द्वारा थाना सिकन्द्राबाद पहुँचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद को मालों के निस्तारण करने, डाक रजिस्टर व अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# गांव उमरी में शिवरात्रि के पर्व पर निकाली शोभायात्रा





**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** किरतपुर।क्षेत्र के गांव उमरी में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया।वहीं स्थानीय बच्चों ने गोरा पार्वती और भोलेनाथ के वस्त्र धारण कर डीजे पर चल रहे हैं भजनों पर डांस के जरिए अपनी कला दिखा कर सबका मन मोह लिया। शोभा यात्रा में गोरा पार्वती और भोलेनाथ के भजनों पर अन्य श्रद्धालु भी झूमते नजर आए। शोभा यात्रा गांव स्थित मां काली के आश्रम से आरंभ हुई और गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई गांव में स्थित भोलेनाथ की प्रतिमा गुंगे दास नामक से होती हुई पीपल देवता वाले मार्ग पर पहुंची और मां काली के आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई।यात्रा करीब 2 बजे प्रारंभ हुई और 6 बजे संपन्न हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने काला दिखा दिखा रहे बच्चों को अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग किया। जिससे उनमें उत्साह और बढ़ता दिखाई दिया।वही शोभा यात्रा के समापन पर कला दिखा रहे बच्चों को जिम्मेदार लोगों द्वारा पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। शोभायात्रा में सैनी समाज के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे। वही शोभा यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में किरतपुर पुलिस हल्का कांस्टेबल अंकुर मान व कां० अरविंद फौजी तथा अन्य पुलिस कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# अल्हम्दुलिल्लाह रमजान किट बांटने का किया वितरण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** नगीना आज ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी अल्हम्दुलिल्लाह रमजान किट बांटने का एक प्रोग्राम मोहल्ला का काजी सराय मदरसा एहसानुल मदरसे में हुआ जिसमें गरीब बेसहारा लोगों व बेवाओं को 170 रमजान किट बाटी गई। इस मौके पर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फॉर्म के जिम्मेदार मुफ्ती फूजैल साहब ने बताया कि इस किट में चावल घी तेल मिर्च मसाले सवैया खजूर जानमाज मिसवाक वगैरह दी जाती हैं मुफ्ती फूजेल साहब ने बताया इसका मकसद उन बे सहारा गरीब लोगो को आराम से रोजा रखने में मदद मिलती है जिनका कोई सहारा नहीं होता या परेशान होते हैं क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म अलग- अलग टाइम में अलग- अलग प्रोग्राम करती रहती है इसी कड़ी में आज यह प्रोग्राम रमजान किट निशुल्क वितरण की गई इस मौके पर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म यूनिट नगीना की जिम्मेदार समाज सेवी हाजी तन्जील आलम ने बताया क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे साल पूरे हिंदुस्तान और यूपी में गर्मियों में ठंडा पानी और शरबत रेलवे स्टेशन बस स्टैंड और चौराहे पर निशुल्क वितरण करती है और भाईचारा कायम करती है ऐसे ही जाड़ों मे गर्म शाल कंबल और गर्म कपड़े और बस स्टैंड और चौराहों पर गरम-गरम चाय निशुल्क वितरण करती है इसका मकसद आपस में एक दूसरों को समझ कर एक दूसरे की मदद करने का जज्बा कायम करना होता है उन्होंने बताया ऑल इंडिया पायामय इंसानियत उन कैदियों को छुड़ाने का काम करती है जिनका कुछ मुआवजा जमा नहीं होता और सजा काटने के बाद भी वह अपना मुआवजा अदा नहीं कर पाते तो ऐसे लोगों को समाज में अच्छा जीवन व्यतीत करने के लिए उनका जुमार्ना ऑल इंडिया पायामय इंसानियत अपने तरफ से जमा करके उनको रिहाई दिलाने का काम करती है और उन्हें अच्छा हिंदुस्तानी अच्छा शहरी बनाने की कोशिश करती है इसी कड़ी अभी पिछले महीने ऑल इंडिया पायामय इंसानियत ने मुरादाबाद से कुछ कैदी और बिजनौर जेल से कुछ कैदी रिहा करवाए इसी तरह मुरादाबाद बिजनौर अलीगढ़ जेल में गर्म शालों का नि निशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर मौलाना आमिर साहब ने कहा कि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत आगे भी ऐसा खेर का काम जारी रखेगी। इस मौके पर मौलाना आमिर साहब ने उन तमाम ही लोगों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने इसमें हमें सपोर्ट किया इस मौके पर कारी रिजवान, मौलाना मोहम्मद आमिर, हाजी तंजील आलम, मुफ्ती फौजैल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अरबाज, कारी शाकिर आदि मौजूद रहे।

# हापुड़ में मैक्स हेल्थ केयर सेंटर अस्पताल का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**






**हापुड़।** शहर के स्वर्ग आश्रम रोड स्थित मैक्स हेल्थ केयर सेंटर अस्पताल का विधिवत शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पा देवी (नगर पालिका अध्यक्ष, हापुड़) शामिल हुईं। उनके साथ पूर्व विधायक प्रत्याशी श्रीपाल भी मौजूद रहे। आगंतुक अतिथियों का अस्पताल प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों से शिष्टाचार भेंट भी हुई तथा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक व किसान संगठनों से जुड़े कई पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।उपस्थित प्रमुख लोगों में रहीस चौधरी, इमरान अली (प्रदेश अध्यक्ष, किसान यूनियन मंच), करुणा यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान यूनियन महिला मोर्चा), प्रधान पुष्पेंद्र चौधरी, मुनेश चौधरी, दिनेश यादव (जिला अध्यक्ष बुलंदशहर), डॉ. मनमेक सिंह, डॉ. वसीम, डॉ. आसिफ, डॉ. फरहान, दिलशाद, एडवोकेट अनवर, लईक चौधरी, कामिल, डॉ. शहरन, डॉ. दिलशाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों ने अस्पताल खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# होली मिलन सम्मान समारोह तिकोनिया पार्क जीवनी मंडी

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**




**आगरा** में भारतीय मीडिया महासंघ का होली मिलन सम्मान समारोह का आयोजन सी.पी.सिंह ,लक्की दिवाकर द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विजेन्द्र सिंह जिला युवा कल्याण एवं प्रा.रद अधिकारी आगरा रहे, विशिष्ठ अतिथि में वार्ड २० के पार्षद मनोज कुमार सोनी, सोहन लाल सोनी एड ?वोकेट, एन.जी.ओ. संचालिका सपना कश्यप मनोज गौतम मुख्य रुप से रहे। कार्यात्मक में मुख्य रुप से अतिथि द्वारा इस कार्यक्रम की काफी, सराहना भी हुई और पत्रकारिता की समाज में छवि रहती है, भ्रष्टाचार का खुलासा करना समाज को शासन की योजनाओ के बारे में बताना, इन सबके बावजूद आज होली मिलन समारोह के साथ साथ पत्रकारों का भी सम्मान हुआ मुझे बड़ी खुशी हुई वहीं विशिष्ट अतिथि मनोज सोनी द्वारा पत्रकारों को होली कि भी शुभकामनाएं देते हुए, पर पत्रकारों की एकता की तारीफ की व उहोने हर प्रकार की हो रहे समाज में हो रहे बिखराव को दूर कर, होली में भेदभाव को मिलना ही सच्ची होली का मिलन होगा कहा। सभी अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई-तत्पश्चात सभी का जलपान कराया गया, सभी समाजसेवी व उपस्थित पत्रकार बन्धुओं का शील्ड प्रदान कर सम्मान किया गया ।गौरव तोमर, राकेश पिपल,संदीप कुमार, प्रेम दिवाकर,पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी राकेश दिवाकर ,सनी कुमार जिला अध्यक्ष फरमान खान,परमेंद्र व्यास,संजीव शर्मा ,संजय शर्मा, प्रताप सिंह आजाद ,कृष्ण गोयल, राशिद अहमद मनीष चौधरी ,अजय शर्मा ,राजीव सिकरवार ,बहादुर सिंह,

महिला विंग मे से नितिशा कुमारी, खुशबू गोयल ,आदि सभी कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया

## अवैध असलाह के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

**आगरा** मैं। पुलिस कमिश्रेट आगरा के निर्देशन व पुलिस उपायुक्त, नगर कमिश्रेट आगरा के पर्यवेक्षण में शहर में कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग एवं गस्त की जा रही है। थाना नाई की मण्डी पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग/गस्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर भिन्न-भिन्न अपराधों में नामजद अभियुक्त - राजू पुत्र राजकुमार को अवैध असलाह के साथ पंचकुइया कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध असलाह मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। उपरोक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नाई की मण्डी में मु0अ0सं0- 13/2026 धारा-3/25 आर्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# आगरा पुलिस की उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रशस्ति पत्र

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



**आगरा** के पूर्वी जोन कमिश्रेट के पुलिस उपायुक्त अभिषेक अग्रवाल ने थाना डौकी पुलिस टीम व सर्विलांस सेल पूर्वी जोन कमिश्रेट आगरा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। यह सम्मान घरों व दुकानों में चोरी/डकैती करने वाले अंतर्राज्यीय/अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के 06 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने और करीब 22.5 किलोग्राम सफेद धातु (अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये) की बरामदगी के लिए दिया गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल कमिश्रेट आगरा ने थाना डौकी पुलिस टीम व सर्विलांस सेल की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम द्वारा आधुनिक तकनीक का समुचित प्रयोग कर कई महत्वपूर्ण एवं जटिल मामलों का सफल अनावरण किया गया है। इससे थाना डौकी पूर्वी जोन कमिश्रेट आगरा की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय सहायता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त ने निर्देश दिया कि भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा, सक्रियता एवं दक्षता के साथ कार्य करते, अपराधों की रोकथाम, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत किया जाए। साथ ही तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों में थानाध्यक्ष सुनीत शर्मा, उ0नि0 सचिन तोमर, व0उ0नि0 देवेंद्र सिंह, उ0नि0 कपिल तोमर, उ0नि0 सौरभ सिंह चंदेल, उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 अशोक कुमार, उ0नि0 अभिषेक सिंह, उ0नि0 शुभम कुमार, उ0नि0 धनेश कुमार, है0का0 ऋषि पाल, है0का0 संदीप कुमार, है0का0 महेन्द्र सिंह, का0 शुभम कुमार व का0 पंकज कुमार सर्विलांस सेल पूर्वी जोन कमिश्रेट आगरा शामिल हैं।

# चेकिंग के दौरान दो वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नियमित चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कुचेसर रोड से ग्राम कनिया जाने वाले मार्ग पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अर्जुन सिंह पुत्र लायक राम निवासी ग्राम कनिया कल्याणपुर, थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ तथा दीपक पुत्र रामकरण निवासी ग्राम कनिया कल्याणपुर, थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है ।अभियुक्तों के पास से एच.एफ.डीलक्स मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर वढ37 फ 9179) बरामद की गई है, जो थाना क्षेत्र से चोरी होना पाया गया ।चौकी इंचार्ज कुचेसर चौपाल ओमकार गंगवार की सतर्कता एवं सक्रिय पुलिसिंग के चलते यह सफलता मिली।

## लखनऊ विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेसी हुए रवाना, महंगाई व मनरेगा मुद्दे पर प्रदर्शन की तैयारी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव के आह्वान के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी सोमवार को लखनऊ के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता 17 फरवरी को विधानसभा का घेराव कर केंद्र सरकार की नीतियों, देश में बढ़ती महंगाई, मनरेगा से जुड़े मुद्दों तथा साधु-संतों के कथित अपमान को लेकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे ।राकेश त्यागी ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा लगातार हापुड़ जिले के कांग्रेस नेताओं को डिटेन किया जा रहा है, जिसकी उन्होंने कड़ी निंदा की ।एससी/एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार 17 फरवरी को प्रस्तावित विधानसभा घेराव को लेकर घबराई हुई है और इसी कारण कांग्रेस नेताओं को नजरबंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक दबाव के बावजूद कांग्रेसी पीछे हटने वाले नहीं हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस महासचिव गौरव गर्ग भी उनके साथ मौजूद रहे।

# यूपी सरकार का बजट दिखावा किसाननौजवान खाली हाथ : पं. गोपाल शर्मा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़,** उत्तर प्रदेश। पंडित गोपाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आम जनता, किसानों और नौजवानों के लिए केवल दिखावा साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए धर्म और जाति की राजनीति कर रही है, जबकि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, युवाओं का पलायन, किसानों का गन्ना भुगतान बकाया, बंद पड़ी मिलें और बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे गंभीर विषयों पर सरकार मौन बनी हुई है ।पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर मुखर होकर संघर्ष करती रहेगी और जनहित के मुद्दों को सड़कों से लेकर सदन तक उठाएगी ।वहीं पार्टी के प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार और भ्रष्टाचार की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे आम जनता में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

# अनपढ़ मां की जंग की महानायिका पंचतत्व में विलीन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़** जनपद के ग्राम मुरादपुर स्थित सागर कॉलोनी निवासी बेखौफ शायर डॉ. नरेश सागर की माता रामेश्वरी देवी का 82 वर्ष की आयु में सोमवार तड़के लगभग 2:30 बजे निधन हो गया। वह सांस संबंधी बीमारी से ग्रस्त थीं और उनका उपचार देव नंदिनी हॉस्पिटल में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली ।दोपहर में उनका अंतिम संस्कार सिंमरौली स्थित काली नदी श्मशान घाट पर नम आंखों के बीच किया गया। अंतिम यात्रा में क्षेत्र के स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए गणमान्य नागरिकों की भी भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।गौरतलब है कि डॉ. नरेश सागर अपनी माता से अत्यंत स्नेह रखते थे। कुछ माह पूर्व उन्होंने अपनी जीवित माता रामेश्वरी देवी की जीवनी लिखी थी, जिसे अनोखा प्रयास माना जा रहा है, क्योंकि सामान्यतः किसी लेखक द्वारा अपनी मां के जीवनकाल में उनकी जीवनी लिखना विरल उदाहरण है। आज वही संघर्षशील और प्रेरणादायी व्यक्तित्व की धनी रामेश्वरी देवी पंचतत्व में विलीन हो गईं, जिन्हें परिवार और समाज में एक मजबूत व जुझारू महिला के रूप में याद किया जाएगा।

# छह दिन के बाद होगा मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन हेतु जनपद हापुड़ के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद के छह दिन के बाद मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, हापुड़ अजय कुमार सिंह प्रथम की अध्यक्षता में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन हनी गोयल, अपर जिला जज विशेष (एस.सी/एस.टी)एक्ट हापुड़ की देखरेख एवं डा0 ब्रह्मपाल सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हापुड़ की उपस्थित में सौरभ कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के द्वारा किया गया। बैठक में अपर जिला जज,हापुड़ हनी गोयल के द्वारा सभी प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया कि माननीय नालसा एवं सालसा के निदेर्शानुसार जनपद हापुड़ के समस्त प्रशासनिक विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आमजन को प्रदान करने हेतु मेगा/वृहद सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समस्त प्रशासनिक विभागों के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने हेतु मेगा शिविर से पूर्व लघु शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग अपनी अपनी योजनाओं की सूची कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,हापुड़ को उपलब्ध करा दें एवं मेगा शिविर का प्रचार- प्रसार किये जाने हेतु भी निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़ के स्थान पर अनवर शेख, पीडीडीआरडीए,समाज कल्याण अधिकारी, शिव कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, स्मिता सिंह, पंचायत राज अधिकारी, शिव विहारी शुक्ल, सूचना विभाग अधिकारी,रनजीत, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हापुड़ एवं अन्य समस्त विभागाधिकारी उपस्थित रहे।



# आरोपी को 2 वर्ष कारावास व 5 हजार जुमार्नें की सजा

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त जावेद उर्फ सोनू पुत्र इकरामुद्दीन निवासी निडोरी थाना मंसूरी, जिला गाजियाबाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक अवैध गैंग बना रखा था, जिसका नेतृत्व स्वयं जावेद कर रहा था। बताया गया कि गैंग में कुल तीन सदस्य शामिल थे, जो आर्थिक लाभ के उद्देश्य से मंदिरों में अष्टधातु की प्रतिमाएं, सोने-चांदी के छत्र-मुकुट, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ऊंची कीमत पर बेचते थे। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और इनके कारण क्षेत्र में भय एवं आतंक का माहौल बना हुआ था, जिससे लोग इनके खिलाफ शिकायत या गवाही देने से कतराते थे। गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी गुलावठी द्वारा 30 नवंबर 2020 को गैंग चार्ट तैयार किया गया था।

# असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है- राम प्रसाद चौधरी

**संतकबीरनगर।** सोमवार को हजरते फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज व अल फातिमा ग्लोबल एकेडमी सालेहपुर में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। विकास खंड सेमरियावां के हजरते फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज व अल फातिमा ग्लोबल एकेडमी सालेहपुर में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बस्ती सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि सफलता की चाबी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प में है।ह्व ह्वसपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है।ह्व ह्वहर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो।ह्व ह्वहार मानने से पहले, एक बार और प्रयास करने की सोचो।ह्वसमय सबसे बड़ा शिक्षक है।₹ - हर अनुभव कुछ सिखाता है। ₹बड़ा सोचो, बड़ा करो।₹ - सफलता विचार से शुरू होता



है। ₹गलतियाँ वही करते हैं जो कुछ करने की कोशिश करते हैं।₹ - असफलता भी सीखें। ₹दूसरों के लिए वही करो जो तुम चाहते हो।₹ - यही सच्चा मानवतावादी है। सफलता के लिए सबसे अच्छी प्रेरणा स्पष्ट लक्ष्य, कड़ी मेहनत, आत्म-विश्वास और निरंतर प्रयास का मिश्रण है, जिसमें अपनी गलतियों से सीखना, नई चीजें सीखना और एक सकारात्मक मानसिकता बनाए रखना शामिल है; यह सब आपको अपने सपनों को हकीकत में बदलने की शक्ति देता है. कुछ लोग पैसे से प्रेरित होते हैं, तो कुछ नेक कामों से, लेकिन जो भी हो, उसे अपनी राह का हिस्सा बनाना जरूरी है, और सफलता अक्सर उन्हें मिलती है जो इसे पाने में व्यस्त रहते हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद अहमद ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन, निरंतर सीखना, और धैर्य जैसे गुणों का विकास करना जरूरी है, साथ ही असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है, जिससे आप अपने जीवन को संतुलित रखते हुए सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। आप क्या हासिल करना चाहते हैं और उसे पाने के लिए अपना एक लक्ष्य बनाएं, अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और उसे पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम करें।टालमटोल से बचें, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहें और लगातार प्रयास करें, हमेशा आशावादी रहें, अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और नकारात्मकता से बचें। सपा अल्पसंख्यक सभा के लिाध्यक्ष सैयद फिरोज अशरफ ने कहा कि हर दिन कुछ नया सीखें और खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें, असफलताओं से घबराएं नहीं, बल्कि उनसे सीखें और उन्हें सुधार के अवसर के रूप में देखें, अपनी दिनचर्या बनाएं और उसका पालन करें, समय का सदुपयोग करें, अपने मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखें; पर्याप्त नींद लें, अच्छा खाएं और व्यायाम करें, विनम्र रहें, दूसरों से सीखने के लिए तैयार रहें और प्रभावी ढंग से संवाद करना सीखें।

समारोह में विद्यार्थियों ने विधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिए। समारोह में मौलाना अबुल कलाम आजाद जनरल नॉलेज साइंस कम्पटीशन में सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# शराब के नशे में भाई पर जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में घरेलू विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के चलते दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर मेडिकल परीक्षण किया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी भाई के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी अमित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई विकास शराब पीने का आदी है। नशे की हालत में वह अक्सर घर में झगड़ा करता रहता है और परिवार के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। सोमवार को भी विकास शराब पीकर घर पहुंचा और परिजनों से विवाद करने लगा। जब उसे शराब पीने से रोका और समझाने का प्रयास किया,



तो वह गुस्से में आ गया।आरोप है कि इसी दौरान विकास ने पास रखे धारदार हथियार से अमित पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।परिजनों ने घायल को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके पश्चात पीड़ित ने थाने में पहुंचकर आरोपी भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जायगा ।

# कार-बाइक की आमने-सामने टक्कर में 12वीं का छात्र गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलमझकनियान मार्ग पर कार व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 12वीं कक्षा का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मुजफ्फरनगर जनपद के गांव बिराल निवासी अभिषेक पुत्र ब्रह्मपाल 12वीं कक्षा का छात्र है। वह कस्बा एलम स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करने के लिए रोजाना बाइक से आता-जाता है। सोमवार को कोचिंग से छुट्टी होने के बाद वह अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह कनियान पुलिया के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही कार से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायल को जिला अस्पताल ले गए।गबर लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है- सुबोध यादव

मुहम्मद परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर।** सोमवार को हजरते फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज व अल फातिमा ग्लोबल एकेडमी सालेहपुर में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। विकास खंड सेमरियावां के हजरते फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज व अल फातिमा ग्लोबल एकेडमी सालेहपुर में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व सपा नेता सुबोध चन्द्र यादव ने कहा कि सफलता की चाबी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प में है।ह्व ह्वसपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है।ह्व ह्वहर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो।ह्व ह्वहार मानने से पहले, एक बार और प्रयास करने की सोचो।ह्वसमय




सबसे बड़ा शिक्षक है।₹ - हर अनुभव कुछ सिखाता है। ₹बड़ा सोचो, बड़ा करो।₹ - सफलता विचार से शुरू होता है। ₹गलतियाँ वही करते हैं जो कुछ करने की कोशिश करते हैं।₹ - असफलता भी सीखें। ₹दूसरों के लिए वही करो जो तुम चाहते हो।₹ - यही सच्चा मानवतावादी है। सफलता के लिए सबसे अच्छी प्रेरणा स्पष्ट लक्ष्य, कड़ी मेहनत, आत्म-विश्वास और निरंतर प्रयास का मिश्रण है, जिसमें अपनी गलतियों से सीखना, नई चीजें सीखना और एक सकारात्मक मानसिकता बनाए रखना शामिल है; यह सब आपको अपने सपनों को हकीकत में बदलने की शक्ति देता है. कुछ लोग पैसे से प्रेरित होते हैं, तो कुछ नेक कामों से, लेकिन जो भी हो, उसे अपनी राह का हिस्सा बनाना जरूरी है, और सफलता अक्सर उन्हें मिलती है जो इसे पाने में व्यस्त रहते हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद अहमद ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन, निरंतर सीखना, और धैर्य जैसे गुणों का विकास करना जरूरी है, साथ ही असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है, जिससे आप अपने जीवन को संतुलित रखते हुए सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। आप क्या हासिल करना चाहते हैं और उसे पाने के लिए अपना एक लक्ष्य बनाएं, अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और उसे पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम करें। टालमटोल से बचें, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहें और लगातार प्रयास करें, हमेशा आशावादी रहें, अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और नकारात्मकता से बचें।

# मनरेगा बचाओ महासंग्राम की कांग्रेस पार्टी का 17 फरवरी को विधानसभा घेराव ऐतिहासिक होगा

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** कांग्रेस पार्टी का मनरेगा बचाओ महसंग्राम के तहत 17 फरवरी को विधानसभा घेराव ऐतिहासिक होगा। उक्त बाते कांग्रेस फिशरमैन के प्रदेश उपाध्यक्ष व मेहदावल विधानसभा के वरिष्ठ नेता सतीश कुमार साहनी ने कहीं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का मुख्य महत्व ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को कम करने, टिकाऊ संपत्तियों (सड़क, तालाब) के निर्माण, महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपनी दूरदर्शिता से मनरेगा को लागू किया था लेकिन भाजपा सरकार ने गारंटी देने वाली योजना का मूल स्वरूप ही खत्म कर दिया। कांग्रेस पार्टी नाम बदलने का ही सिर्फ विरोध नहीं कर रही है बल्कि योजना में काम की गारंटी और काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान लागू होना चाहिए।

# दीवारों पर आपत्तिजनक बातें लिखकर महिला को किया बदनाम


संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जनपद बागपत के गांव मुकारी निवासी युवक पर मानसिक, सामाजिक व आर्थिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि गांव मुकारी, जनपद बागपत निवासी संजय गुप्ता, जो विद्युत विभाग में कार्यरत बताया गया है, बीते कुछ समय से उसे जानबूझकर प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि युवक बार-बार उसके ससुराल पहुंचकर घर की दीवारों पर आपत्तिजनक व अश्लील बातें लिख देता है और भड़काऊ पोस्टर चिपका जाता है। इससे न केवल परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है, बल्कि गांव में तरह-तरह की चचाएं भी हो रही हैं। महिला ने तहरीर में कहा है कि आरोपी का उद्देश्य उसे और उसके परिवार को बदनाम करना है। आरोप है कि युवक धमकी देकर पैसे की उगाही करने का प्रयास कर रहा है और रुपये न देने पर आपत्तिजनक बातें फैलाने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उस पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। घटना के बाद से पीड़िता व उसका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। परिजनों का कहना है कि आरोपी की हरकतों से परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है और वह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम से की पालिका बाजार विकसित करने की मांग

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के पुराने पालिका भवन की दुर्दशा को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कन्सल ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार को पत्र भेजकर पुराने पालिका भवन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित कर पालिका बाजार बनाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि कस्बे में स्थित पुराना पालिका भवन कई वर्ष पूर्व ध्वस्त कर दिया गया था। उसके स्थान पर केवल कुछ दुकानें और पीछे की ओर असंगत ढंग से कुछ दुकाननुमा ढांचे बना दिए गए। वर्तमान में बाहरी दुकानों के अतिरिक्त अंदर का अधिकांश हिस्सा बंद पड़ा रहता है, जो असामाजिक तत्वों और आवारा



पशुओं की शरणस्थली बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह स्थान कस्बे के सर्वाधिक कीमती और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है। यहां पर्याप्त पार्किंग की भी व्यवस्था संभव है, जिससे बाजार आने वाले ग्राहकों और व्यापारियों को सुविधा मिल सकती है। वर्तमान स्थिति में यह बहुमूल्य भूमि अनुपयोगी पड़ी है, जिससे न तो पालिका को राजस्व मिल रहा है और न ही कस्बे का समुचित विकास हो पा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि यदि उक्त स्थान को सुव्यवस्थित योजना के तहत आधुनिक पालिका बाजार के रूप में विकसित किया जाए तो इससे पालिका को स्थायी आय का बड़ा स्त्रोत प्राप्त हो सकता है। साथ ही स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर इस स्थल का सर्वे कराया जाए और शीघ्र ही विकास योजना तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कस्बे की इस महत्वपूर्ण संपत्ति का सदुपयोग हो सके।

# एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वच्छता व स्वास्थ्य पर दिया गया संदेश

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरूआत स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रार्थना, योगाभ्यास एवं लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गान से की गई।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल स्थित शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत विषय पर गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ. नयना शर्मा ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का हमारे जीवन में




विशेष महत्व है और स्वास्थ्य का स्वच्छता से गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि गंदगी के कारण डायरिया, प्लेग, हैजा जैसी अनेक बीमारियां फैलती हैं, जो शरीर को कमजोर बना देती हैं।डॉ. शर्मा ने दूषित जल, प्रदूषित वायु एवं मिलावटी खाद्य सामग्री को आज की प्रमुख समस्याएं बताते हुए इनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# समस्त ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का नियमित पर्यवेक्षण/समीक्षा के साथ-साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण आउटपुट के दिये गये निर्देश

वेलकम इंडिया

**सन्तकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की अद्यतन स्थिति व नो-मैपिंग तथा तार्किक विसंगतियों के नोटिस की सुनवाई कार्य में प्रगति आदि से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार नो-मैपिंग तथा तार्किक विसंगतियों के नोटिस की सुनवाई का कार्य सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों



एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, यह कार्य विगत दिनांक 21 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुआ है। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी डाटा के सापेक्ष वितरण की गई नोटिस तथा सुनवाई के प्रतिशत की प्रगति 47.10 प्रतिशत है। समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी डाटा के सापेक्ष की गई सुनवाई एवं अपलोडिंग की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य में गुणात्मक प्रगति दशार्ने के सख्त निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य समयबद्ध है, इसमें सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण रुचि लेते हुए पूरी तन्मयता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयावधि में आवंटित बूथों पर जाकर शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए डाटा अपलोड करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त बीएलओ को संबंधित भाग संख्याओं की नो-मैपिंग और तार्किक विसंगतियों से संबंधित निर्वाचकों की सूचियां उपलब्ध करा दी जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ को यह जानकारी अवश्य दे दी जाए कि विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की निर्वाचक नामावली से मैपिंग न होने (नो-मैपिंग) और तार्किक विसंगतियों के अतिरिक्त ऐसे मतदाता जो दिनांक 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हैं उन्हें चिन्हित करते हुए बीएलओ द्वारा सूचित कर दिया जाए कि उनका नाम निर्वाचक नामावली में है और उन्हें कोई नोटिस निर्गत नहीं होना है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में नो-मैपिंग तथा तार्किक विसंगतियों से संबंधित शत-प्रतिशत मतदाताओं को नोटिस का वितरण करते हुए उसकी सुनवाई कर डाटा अपलोड कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित एसआईआर कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य में तेजी लाएं, जिससे निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपन्न हो जाए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण वर्मा, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ0 सुनील कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, तहसीलदार मेहदावल अल्पिका वर्मा, तहसीलदार धनघटा राम जी सहित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी अजीत सिंह की नीतियों को बताकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने का काम करेंगे उस्मान बबलू

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मीटिंग प्रदेश महासचिव रुहेलखंड प्रभारी राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू के आवास ग्राम पंचायत जुठिया पर हुई जिसमें जनपद बरेली के ग्राम पंचायतसिघाई मुरावान के लोग प्रदेश सचिव अथर अली खान के साथ आए जिनमे समीर सलमानी गौस मोहम्मद रिजवान सद्दाम हुसैन नईम हुसैन अब्दुल हसन आदि लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और ईद के बाद राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का बड़ा सम्मेलन करने की बात कही प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान ने सभी लोगों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और सभी लोगों से पंचायत चुनाव और विधानसभा और चुनाव में जुट जाने के लिए कहा और कहा जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करना है राष्ट्रीय लोक दल का संगठन प्रदेश अध्यक्ष दिल नवाज खान प्रदेश महासचिव प्रमुख दिलप्रीत कोहली जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर पहले नंबर पर आ गया है मोहम्मद उस्मान ने कहा घर-घर जाकर राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह जी की नीतियों को बताकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने का काम करूंगा और जो पार्टी हाई कमान का आदेश होगा उसका पालन करता हूं करता रहूंगा कार्यक्रम में हाजी मोहम्मद याकूब महबूब अली मुनाजिर हुसैन महफूज खान साहिल खान मोहम्मद अयान मोहम्मद फरहान आदि लोग रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने वार्ड नम्बर -15 में तीनो रोडो का उद्घाटन किया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने वार्ड नं०-15 में नालापार भुर्जी का भाड़-खटटा बुन्दन खां, नालापार अहसान रजा खां के मकान से फिरोज खां के मकान तक तीनों रोडों का उद्घाटन किया, रामपुर के राज्य वित्त आयोग की धनराशी से नवनिर्मित सड़कों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि नगर का सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास कराना उनकी प्राथमिकता है और वार्ड में जो काम शेष हैं उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा, उद्घाटन के समय वार्ड 15 की सभासद सीमा बी, पूर्व सभासद मुन्ने साहब, सभासद सुमित कुमार, अफफान खान, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, स्टेनो विल्सन कुमार, निर्माण लिपिक रफत शेर खां, मुकेश सफाई निरीक्षक राजीव वालियान, प्रकाश निरीक्षक अरुण, इफ्तेखार उर्फ हसन खां, तौकीर खां, अफ्फान खां, अदनान खां फुजेल खां आदि उपस्थित रहें।

# एमआईईटी में 81 मेधावी विद्यार्थियों को 21.56 लाख रुपये की छात्रवृत्ति



**उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए एमआईईटी में छात्रवृत्ति चेक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ विकास प्राधिकरण के वीसी संजय कुमार मीणा, विशिष्ट अतिथि विजय प्रधान मोहद्दीनपुर एवं पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु शरण ने 81 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए। पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट द्वारा यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों को प्रदान की गई है, जो मेधावी होने के बावजूद आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रखने में कठिनाई महसूस करते हैं। एमआईईटी के 81 विद्यार्थियों को प्रति छात्र 30 हजार रुपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह सहायता राशि विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष दी जाएगी। इस अवसर पर कुल 21 लाख 56 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। मेरठ विकास प्राधिकरण के वीसी संजय कुमार मीणा ने कहा कि जिस क्षेत्र में आपकी रुचि हो, उसी में पूरी लगन से आगे बढ़ें और निरंतर ज्ञान अर्जित करें। छात्रवृत्ति को अपने शैक्षणिक विकास का साधन बनाएं, पढ़ाई पर ध्यान दें तथा अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि परिश्रम और लगन ही सफलता की कुंजी हैं। ट्रस्ट एवं एमआईईटी ग्रुप के चेयरमैन विष्णु शरण ने बताया कि वर्ष 2015 में यह अनुभव किया गया कि कई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक तंगी के कारण अपनी शिक्षा बीच में ही छोड़ने को विवश हो जाते हैं। कुछ छात्रों को विभिन्न कारणों से समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति भी नहीं मिल पाती।

# हरियाखेड़ा में हुआ शिवमहापुराण कथा का भव्य समापन

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। हरियाखेड़ा गांव में 10 फरवरी 2026 से चल रही शिवमहापुराण कथा का भव्य समापन हो गया। समापन अवसर पर दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कथा में सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य वेद प्रकाश वृन्दावन वालों ने भगवान शिवजी की महिमा से श्रद्धालुओं को अवगत कराया और भगवान का गुणगान किया। कथा के आयोजक धीरज यादव ने कथा में आये सभी अतिथियों का माला, पटका व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और कथा के सफल आयोजन के लिए कथा वाचक, उनकी समस्त टीम, श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। धीरज यादव ने बताया कि 17 फरवरी को यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में यज्ञ व भंडारे में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महिपाल यादव व रवि बैंसला, जोधा यादव, चेतराम यादव, ताराचंद यादव, भुरू यादव, रामभूल यादव, पिरथी महाराज कैराड़ा वाले सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# गोपालपुर बना शिवमय अजहरुद्दीन की मौजूदगी में भक्ति कार्यक्रम का आगाज भाईचारा का दिया संदेश



**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली:** महाशिवरात्रि के पावन एवं शुभ अवसर पर जामताड़ा के गोपालपुर पहुंचकर आयोजित भक्ति कार्यक्रम में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के बीच विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भक्ति कार्यक्रम में भगवान शिव की महिमा का गुणगान, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक वातावरण ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की आस्था, उत्साह और सहभागिता देखकर मन अत्यंत प्रसन्न हुआ। ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं।

# अग्रसेन धाम कुंडली में श्याम महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन


**वेलकम इंडिया**



**सोनीपत, हरियाणा।** श्री अग्रसेन धाम कुंडली में श्री श्याम महोत्सव धाम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल के सहयोग से करवाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्याम संकीर्तन में शामिल होकर धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर पधारे सभी श्रद्धालुओं का संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक राजेंद्र अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल सिंघल, राष्ट्रीय महामन्त्री अनिल गोयल और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला ने पटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।? आए हुए समाज के कर्णधारों ने चल रहे श्री अग्रसेन धाम कुंडली के विराट निर्माण कार्यों देखा और निर्माण कार्य के व्यवस्थापकों की जमकर प्रशंसा की। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि समाज की बदौलत ही यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। श्री अग्रसेन धाम कुंडली में निर्माण कार्य का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपूर्णता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कहा कि धाम निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करके समाज को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# क्षत्रिय धर्म संसद काशी द्वारा डाक्टर रमेश प्रताप सिंह का अभिनंदन

**(संतोष कुमार सिंह )**



**वाराणसी :-** क्षत्रिय धर्म संसद काशी के तत्वावधान में 16 फरवरी सोमवार को मीरापुर बसही स्थित चंद्र वाटिका लॉन में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम डॉ रमेश प्रताप सिंह प्रधानाचार्य उदय प्रताप इंटर कॉलेज को राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित होने के गौरवपूर्ण अवसर पर आयोजित किया गया समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डॉ.सिंह का चयन न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रमाण है बल्कि यह संपूर्ण काशी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने डॉ.सिंह को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित कियो वक्ताओं ने उनके प्रशासनिक कौशल, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार की सराहना की अपने संबोधन में डॉ.रमेश प्रताप सिंह ने इस सम्मान को संपूर्ण विद्यालय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को समर्पित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक निष्ठा व समर्पण से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा समाज में शिक्षा के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के सम्मान की परंपरा को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया

# पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल ने धूमधाम से मनाया अपना वार्षिक अधिवेशन एवं स्थापना दिवस




**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** श्रमिक संघ के आउटडोर कार्यालय के प्रांगण वाराणसी में पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल ने वार्षिक अधिवेशन एवं स्थापना दिवस समारोह काफी उत्साह एवं धूमधाम से मनायो इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष अमिय रमण तथा विशिष्ट अतिथि भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के सहायक महासचिव मुन्नीलाल गुप्ता एवं मुख्य वक्ता भानु प्रकाश नारायण सूचना एवं प्रसारण मंत्री, केन्द्रीय संगठन सत्य प्रकाश सिंह सदस्य केंद्रीय संगठन के साथ मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात ए.के.पाठक ने गणेश वंदना की और समारोह में आए अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर के सम्मानित किया गया मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा एसोसिएशन के उद्देश्य सहित शाखाओं के सक्रियता की प्रशंसा की। कार्यकारिणी समिति में लिए गए निर्णयानुसार नये प्रबंध समिति के चुनाव को वार्षिक अधिवेशन में अनुमोदित किया गया जिसमें प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पुनः निर्विरोध मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए इनके साथ कैलाश नाथ शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव श्रीवास्तव व खुर्शीद अहमद उपाध्यक्ष, ए.के.पाठक मंडल मंत्री, सुरेश कुमार कोषाध्यक्ष, अनूप कुमार मुखर्जी कार्यालय मंत्री, महफूज खान संगठन मंत्री, अजहर सगीर खान सूचना व प्रसारण मंत्री तथा फिरोज अहमद, फैयाज अनवर, कलाम अली खान मुकेश कुमार बाली सांस्कृतिक मंत्री चुने गए सभी निर्वाचित पदाधिकारियो को समारोह के मुख्य अतिथि ने माला पहनाकर पद की शपथ दिलाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यो को भी सम्मानित किया गया अतिथियो ने एसोसिएशन के चतुर्दिक विकास पर प्रकाश डाला तथा सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए आपसी सौहार्द एवं एकता बनाए रखने की अपील की तथा समारोह में आए हुए सभी पदाधिकारी गणों ने इन पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं दी मंडलाधीन शाखाओं से आए हुए पदाधिकारी एवं सदस्यो ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की

# मां सीता रसोई के पदाधिकारियों ने की बागेश्वर धाम में आयोजित नि:शुल्क सामूहिक 300 कन्या विवाह महोत्सव में सहभागिता

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



**वृन्दावन।** मां सीता रसोई एवं संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ) पंजाब प्रांत के पदाधिकारियों ने बागेश्वर धाम में आयोजित निःशुल्क सामूहिक 300 कन्या विवाह महोत्सव में सहभागिता की।साथ ही बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पण्डित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को इस वृहद आयोजन के लिए बधाई दीं।ज्ञात हो कि बागेश्वर धाम सरकार के नेतृत्व में समय-समय पर निर्धन-निराश्रित व असहाय कन्याओं के विवाह का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया जाता है।जिसके चलते 7वीं बार यह आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसमें 300 कन्याओं का विवाह संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न हुआ।जिसमें पण्डित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा सभी कन्याओं को दैनिक उपयोग का सामान भी निःशुल्क प्रदान किया गया। इस अवसर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पण्डित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने मां सीता रसोई की संस्थापक, संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ) पंजाब प्रांत की अध्यक्ष "पंजाब रत्न" श्रीमती मनप्रीत कौर, मां सीता रसोई के प्रबन्धक आचार्य अशुंल शर्मा, मथुरा- वृन्दावन नगर निगम के पार्षद सुमित गौतम एवं श्रीमती भारती शर्मा आदि को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पटुका, प्रसादी माला आदि भेंट करके सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज, अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज, पद्मविभूषण "दीदी मां" साध्वी ऋतंभरा, ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज (स्वामी मुनि जी), चित्रकूट स्थित तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज (जय भैया), प्रख्यात भागवताचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री, बागेश्वर धाम सरकार के परम-लाडले आचार्य रोहित रिछारिया आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# डॉ.समप्रदा गंगवार भारतीय जन क्रांति परिषद (आस्था) मे बनी राष्ट्रीय प्रवक्ता, शनि पीठाधीश्वर स्वामी कन्हैया महाराज ने पुष्प गुच्छ देकर दी बधाई

**(संतोष कुमार सिंह )**



**वाराणसी :-** भारतीय प्राचीन पद्धतियों तथा आयुर्वेद के आधार पर लोगों के जीवन में साकारात्मक बदलाव लाने वाली आध्यात्मिक जीवन प्रशिक्षक डॉ.समप्रदा गंगवार को भारतीय जन क्रांति परिषद (आस्था) द्वारा एक महत्वपूर्ण पद राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में कार्यभार सौंपा गयो यह नियुक्ति राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शनि पीठाधीश्वर स्वामी कन्हैया महाराज द्वारा की गई नियुक्ति के साथ ही डॉ.समप्रदा गंगवार ने औपचारिक रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में कार्यभार ग्रहण कियो डॉ.समप्रदा गंगवार वाराणसी स्थित स्वयंसाध्य वेलनेस सेंटर एवं आध्यात्मिक योग ध्यान केंद्र की संस्थापक हैं वे एक लाइफ कोच, प्राणिक हीलर एवं ध्यान विशेषज्ञ के रूप में जानी जाती हैंशोध के अनुभवो ने उन्हें समाज के मानसिक और भावनात्मक संघर्षों को गहराई से समझने का अवसर दियो इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने स्वयंसााध्य केंद्र की स्थापना की जिसके माध्यम से वह लोगों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा शक्ति का विकास कर उन्हें शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक रूप से मजबूत करती है डॉ. गंगवार को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में 15 से 20 वर्षों का अनुभव है उनके केंद्र से आज सभी आयु वर्ग के लोग जुड़े हुए हैं।

# डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल स्कूल में कटेस्ट बेबी कॉन्टेस्ट का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में सोमवार को सबसे प्यारे बच्चे की प्रतियोगिता सीजन-2 का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। मंच संचालन का कार्यभार विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती सोनिया शर्मा व पल्लवी पुंडीर ने संभाला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ.के.एन. मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा,फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा , डॉ.के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा प्रीटीपेंग्विंस शाखा की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। इसके उपरांत माँ सरस्वती की वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना ने अपने संबोधन में बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों और विद्यालय की संयुक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किंडरगार्टन डांस ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। प्यार का बंधन (माँ और मैं) श्रेणी में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें माँ और बच्चे के स्नेहिल रिश्ते की सुंदर झलक देखने को मिली। देशभक्ति से ओतप्रोत आर्मी परफॉर्मेंस ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके पश्चात फिल्मी क्रू डांस ने कार्यक्रम में मनोरंजन और ऊर्जा का रंग भर दिया। काव्य प्रेमियों के लिए काव्य सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार शर्मा, आदित्य तिवारी, अनुकृति शर्मा और गौरांशी शर्मा व यथार्थ पल्लवी मैं ला की प्रस्तुतियों ने खूब तालियाँ बटोरीं। अंत में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा,आत्मविश्वास और पारिवारिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

# पुलिस मौजूदगी में तहसील प्रशासन की टीम की ओर से की गई भूमि पैमाइश

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। तहसील के गांव भनेडा में पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ दीपा त्यागी के परिवारिक भूमि विवाद को लेकर उठा विवाद का सोमवार को पटाक्षेप हो गया। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में तहसील प्रशासन की टीम की ओर से भूमि पैमाइश की गई। राजस्व टीम ने बाकायदा पैमाईश कर निशानदेही कर डाली और भूमि की घेराबंदी के लिए सीमेंटिड पोल लगवा दिये। मेरठ कमिश्नर कोर्ट के आदेश के तहत पूर्व जिला पंचायत सदस्या डॉ दीपा त्यागी ने स्थानीय तहसील प्रशासन से भूमि की पैमाईश की मांग रखी। प्रशासन के टालमटोल रवैये को लेकर पूर्व जिपं सदस्या डॉ दीपा त्यागी ने एसडीएम के आवास के गेट पर फावडे लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीएम अजित सिंह के दिये गये आश्वासन के तहत सोमवार को तहसील प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ गांव के खसरा नंबर 762 की पैमाईश करने पहुंची। टीम ने विपक्षी अरविंद को भी सूचना भिजवाई,लेकिन वे उपस्थित नही हुए।पुलिस मौजूदगी में टीम ने कुरेबंदी कर पैमाईश कर दी। टीम की ओर से निशानदेही कर भूमि की घेराबंदी सीमेंटिड पोल लगाकर कर दी गई। साथ ही एसडीएम अजित सिंह ने चेताया कि यदि किसी ने भी भूमि विवाद पर निशानदेही को लेकर विवाद खडा किया तो आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# डॉ मोहन भागवत के सानिध्य में आयोजित खिलाड़ी संवाद गोष्ठी में हिस्सा लेंगे डॉ.अरुण त्यागी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की श्रृंखला में क्रीड़ा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक लेखक खिलाड़ी संवाद गोष्टी का आयोजन संघ संचालक डॉ मोहन भागवत के सानिध्य में 20 फरवरी को मेरठ में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी, लेखकों, विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। संघ परिवार द्वारा मोदीनगर के खेल व शारीरिक शिक्षा के प्रसिद्ध लेखक छाया पब्लिक स्कूल के निर्देशक प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉक्टर अरुण त्यागी को आमंत्रित किया गया है। संघ परिवार की तरफ से अतुल, राजन, मोनू, डॉक्टर अमित, अश्वनी ने कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र देकर उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। डॉ अरुण त्यागी द्वारा लिखित दर्जनों पुस्तकें विभिन्न विश्वविद्यालय ,बोर्ड के पाठ्यक्रम में सम्मिलित हैं। उनकी उपलब्धि पर शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# मोदी कॉलेज में आयोजित भव्य कार्यक्रम में वार्षिक पत्रिका का किया गया विमोचन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में आयोजित एक समारोह में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका दर्पण विशेषांक समर्थ उत्तर प्रदेश नया भारत नई सोच का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।सबसे पहले अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया समारोह की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष और डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉक्टर डीके मोदी ने की ।समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्र के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान रहे ।विशिष्ट अतिथि में संस्थान के उपाध्यक्ष कैप्टन राजीव सक्सेना ,नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर पूनम गर्ग और डॉ अनिल गर्ग , प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ मुकेश गर्ग रहे ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने अतिथियों का शाल और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। सांसद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय के छात्र सच्ची मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त कर अलग-अलग क्षेत्र में अपना नाम कमा रहे हैं ।यह विद्यालय अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। शिक्षा ही वह ज्ञान रूपी उजाला है। जिनके प्रकाश से जीवन में अंधेरे को समाप्त किया जा सकता है ।विशेषांक आज के समय की जागरूक चेतना ,प्रगतिशील दृष्टि और उज्जवल भविष्य की आकांक्षाओं का सशक्त प्रतीक है। दर्पण केवल एक पत्रिका नहीं है बल्कि हमारे विद्यालय की जीवंत आत्मा का प्रतिबिंब है इस पत्रिका के सफल संपादन में पत्रिका के मुख्य संपादक राजकुमार सिंह और संपादक डॉक्टर कामिनी, अनीता अग्रवाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा है ।मंच का संचालन प्रवीण जेनर और डॉक्टर कमीनी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महानंद सिंह राजीव वर्मा राजीव जांगिड़ राजीव सिंह कुमारी ज्योति दिनेश कुमार संजीव कुमार और अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# श्रद्धालुजनों ने रुद्राभिषेक कर 151 किलो दूध का जलाभिषेक किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। महाशिवरात्रि के मौके पर गांव सीकरी खुर्द रेलवे फाटक के निकट गौरी शंकर मंदिर में शिव भक्त श्रद्धालु जनों ने रुद्राभिषेक कर 151 किलो दूध का जलाभिषेक कर पूरी रात यज्ञ किया गया महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालु जनों ने खीर का प्रसाद बनाकर वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो शिवभक्तों की संख्या रही। मुख्य रूप से पूर्व सभासद एवं समाजसेवी दीपक वत्स,देवदत्त वत्स, ज्ञानी वत्स, डॉक्टर नरेंद्र त्यागी, ब्रह्मसिंह, मोहन सिंह, निखिल वत्स, चंद्रदत्त वत्स, मुकुल शर्मा, बिजेंद्र गोस्वामी, बृजमोहन महेश्वरी, राजकुमार मास्टर आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेतर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई आहूत।




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेतर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में परिवहन, स्टांप, वाणिज्य, आबकारी, विद्युत, मंडी सहित सम्बंधित कर करेतर के विभागो की विस्तार से समीक्षा की गई। लक्ष्य के अनुरूप कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में राजस्व कार्यों, डिजिटल उपस्थिति, ई ऑफिस, जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्ता से निस्तारण करने आदि कार्यों की तहसीलवार समीक्षा को गई। निर्देशित किया गया कि गया कि राजस्व वसूली को शत प्रतिशत रूप से लक्ष्य के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि समय समय पर आरसी का मिलान कराया जाए। ओटीएस योजना में निस्तारण होने के उपरांत सूचित करें कि संबंधित जारी आरसी का निस्तारण हो गया है जिससे जारी आरसी को पोर्टल से भी निस्तारित किया जा सके। उप जिलाधिकारी , तहसीलदार, नायब तहसीलदार के न्यायलयों में दायर वादों को मेरिट के आधार पर समी से निस्तारित करें। 05 वर्ष, 03 वर्ष से अधिक का कोई भी वाद लंबित नहीं होना चाहिए। वाद के निस्तारण के उपरांत उसे संबंधित पोर्टल एवं अभिलेख में दर्ज कराया जाए। तहसील में आने वाले लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्ता के साथ उनका निस्तारण कराए। भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण में टीम बनाकर पैमाईश कर निस्तारण कराया जाए। तहसील से जारी होने वाले आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र को निर्धारित समयावधि में जारी किया जाए। डिजिटल सर्वे, रियल टाइम खतौनी आदि कार्यों को समय से पूरा कराए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण करने में निगेटिव फीडबैक आने से जनपद की रैंकिंग पर भी असर पड़ता है इसलिए सभी को निर्देशित किया गया कि शिकायत का निस्तारण करते समय पोर्टल पर सभी आवश्यक जानकारी को भरा जाए। शिकायत करने वाले व्यक्ति को भी उसकी शिकायत के निस्तारण के बारे में संतुष्ट कर उसी समय उससे पोर्टल पर संतुष्ट का फीडबैक भरवाया जाए।

# चोरी का खुलासा नहीं होने पर पुलिस के खिलाफ हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। अधिवक्ता के निमार्णाधीन मकान में हुई चोरी का खुलासा न होने पर अधिवक्ता सोमवार को हड़ताल पर रहे। पुलिस के खिलाफ अधिवक्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। हड़ताल के कारण कोर्ट में न्यायिक कार्य बाधित रहा। बार एसोसिएशन मोदीनगर के पूर्व राजकुमार गुप्ता अध्यक्ष के गोविंदपुरी स्थित मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार रात चोर मकान से बिजली फिटिंग का लगभग दो लाख कीमत का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित को रविवार सुबह चोरी का पता चला। मामले में सोमवार को बार एसोसिएशन मोदीनगर के बैनर तले अधिवक्ताओं की तहसील में बैठक हुई। जिसमें पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल का ऐलान किया। एसोसिएशन के सचिव नकुल त्यागी ने कहा कि पुलिस की सक्रियता कम होने से शहर में घटनाएं बढ़ रही हैं। वकील भी सुरक्षित नहीं हैं। चोरों जल्द नहीं पकड़े जाने पर वकील आंदोलन करेंगे। सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा का कहना है कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है, जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर** विकास क्षेत्र अगौता के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जौलीगढ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इमराना जाहिद ने किया। तथा इमराना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष फरजाना की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा योजना के अंतर्गत विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म, जूते मौजे, स्कूल बैग, निःशुल्क पुस्तकें, खेलकूद का सामान,मिड डे मील आदि के बारे में जानकारी दी गई। पवन शर्मा द्वारा अपने संबोधन में कहा कि विद्यालयों में गतिविधि आधारित, जीवनोपयोगी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग में कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। समस्त अभिभावकों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में सरकारी स्कूलों में नामांकन कराना चाहिए। प्रधानाध्यापक इमराना जाहिद ने देश की उन्नति के लिए बालिकाओं की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा कार्यक्रम का संचालन करते हुए अचल शर्मा ने बच्चों से पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद आदि गतिविधियों में भी शामिल होने के लिए प्रेरित किया ईसीसी एजूकेटर एकता ने अभिभावकों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बाल विकास परियोजना द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

# महाशिवरात्रि मेला को लगन मेहनत से सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराने वालों को महामंडलेश्वर ने दी बधाई

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर**/रामघाट नगरी में होने वाले महाशिवरात्रि मेला को कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न करायें जाने पर पुलिस प्रशासन गंगा समिति सिविल डिफेंस समाजसेवियों को महामंडलेश्वर ने बधाई देकर खुशी जाहिर की है। आपको बता दें रामघाट गंगा धाम आश्रम के संचालक डॉ सुरेंद्रानंद गिरि महाराज महामंडलेश्वर के मार्गदर्शन में महाशिवरात्रि मेला पर्व गत वर्षों की भांति इस बार रामघाट गंगा घाट पर मथुरा वृंदावन राजस्थान हरियाणा (हरदासपुर) अलीगढ़ आदि जनपदों से करीब 20 लाख शिव भक्त श्रद्धालु ओं ने यहां आकर जल भरकर शिवालयों पर जल चढ़ाने के लिए अपने गंतव्य को रवाना हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था हेतु रामघाट गंगा घाट पर जिलाधिकारी ऋतु शर्मा एसएसपी दिनेश कुमार सिंह प्रमोद कुमार पांडे एडीएम प्रशासन एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह एसडीएम मनीष कुमार सीओ मधुप कुमार सिंह डिबाई रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह सहित पुलिस स्टाफ रामघाट एवं जिला पंचायत से राजकुमार आदि मेला से संबंधित सभी अधिकारियों ने कड़ी मेहनत कर ड्यूटी का पालन कर पूर्ण सहयोग रहा इनको महामंडलेश्वर ने बधाई धन्यवाद दिया है यही नहीं मेला में भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव मीडिया कर्मी जेपी गौतम योगेश भारद्वाज श्रवण कुमार व सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता व गंगा समिति के लक्ष्मन शर्मा प्रधान पति हिमांशु शर्मा,सुभाष यादव प्रधान इंद्रपाल सिंह यादव शिवम् भारद्वाज निखिल रामू शर्मा जगत वशिष्ठ लोकेश केवट महेश पाठक विनोद शर्मा इंद्रपाल सिंह यादव मोटी शर्मा आदि समाजसेवियों के पूर्ण सहयोग से मेला शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने वाले बधाई के पात्र हैं।

# पुलिस की ईमानदारी आई सामने पीड़ित को फोन और पर्स किया सुपर्द।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** सोमवार को थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत पंडावल दोराहा पर क्रिटिकल कॉरिडोर टीम को एक मोबाइल फोन व पर्स पडा मिला था। पुलिस टीम द्वारा फोन व पर्स के मालिक की जानकारी कर फोन व पर्स उनके सुपुर्द किये गये जिनके द्वारा इस सरहानीय कार्य के लिये बुलंदशहर पुलिस की प्रशंसा की गयी है। सुपर्द करने वाली टीम उ0नि0 अतुल कुमार है0का0 तेजवीर सिंह का0 गुड्डु चौधरी, का0 सत्यवीर, का0 संजीव कुमार शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने किया तलहेटा, एनएचएआई का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ द्वारा जनसुनवाई में किसानों से प्राप्त शिकायत के क्रम में, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क किनारे किसानों की भूमि से मिट्टी उठाए जाने तथा उसके समुचित भराव न कराए जाने की बात कही गई थी, आज तलहेटा गांव स्थित दिल्लीझमेरठ एक्सप्रेसवे (फेज-5) का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी महोदय ने पूर्व में ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रबंधक को निर्देशित किया था कि यदि किसानों की भूमि से मिट्टी उठाई गई है तो उसकी गुणवत्ता पूर्ण भरपाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधित प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एनएचएआई द्वारा संबंधित स्थलों पर मिट्टी का भराव कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी अन्य समस्याओं की जानकारी ली। किसानों द्वारा गांव की पैमाइश कराए जाने तथा मुआवजा प्राप्त होने के पश्चात ही भूमि अधिग्रहण किए जाने की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त किसानों ने अन्य मांगें भी जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कीं।

जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को विधिवत मुआवजा प्रदान किए बिना उनकी भूमि पर कब्जा न लिया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि नियमानुसार गांव की पैमाइश कराई जाएगी। साथ ही किसानों की अन्य मांगों के संबंध में एनएचएआई के प्रबंधक एवं अभियंताओं से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने मोटरसाइकिल से भी सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# बोर्ड की परीक्षाओं के लिए अभिभावक सकारात्मक माहौल बनाकर बच्चों का बढ़ाए हौसला - सीमा त्यागी

अनिल कुमार



**गाजियाबाद।** बोर्ड परीक्षाओं का समय प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। कल से बच्चों की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो रही है इस अवसर पर इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बोर्ड की परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बच्चे किसी भी प्रकार के तनाव या दबाव में आए बिना आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, जीवन नहीं। अंक महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की तुलना दूसरों से न करें, बल्कि उनकी मेहनत और प्रयासों की सराहना करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिनों में घर का वातावरण शांत और प्रेरणादायक होना चाहिए। बच्चों को पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और नियमित विश्राम का समय अवश्य दिया जाए। मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचते हुए पढ़ाई की सुनियोजित दिनचर्या अपनाने की सलाह भी दी गई। सीमा त्यागी ने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए उनका मनोबल बढ़ाएं और सकारात्मक मार्गदर्शन दें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे को अत्यधिक तनाव महसूस हो तो उसे परामर्श (काउंसलिंग) की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संदेश दिया – आपकी मेहनत ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। खुद पर विश्वास रखें, शांत मन से प्रश्नपत्र पढ़ें और पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। सफलता अवश्य मिलेगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कुट्टू आटा प्रकरण पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की त्वरित कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**गौतमबुद्धनगर।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कुट्टू का आटा खाकर लोगों के बीमार होने की घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा प्रभावित लोगों की जानकारी प्राप्त की गयी। कुट्टू का आटा (ल्ठ ढ४१ी इ१ल्ला) के सेवन से बीमार होने तथा आटा खरीदने वाली दुकान की जानकारी प्राप्त करके इको विलेज 3 सुपर टेक ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विकास जनरल स्टोर से कुट्टू का आटा (ल्ठ ढ४१ी इ१ल्ला) का 01 नमूना, हिमालयन प्राइड ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अपना स्टोर से कुट्टू का आटा (ल्ठ ढ४१ी इ१ल्ला) का 01 नमूना तथा रॉयल कोर्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित प्रशांत स्टोर से कुट्टू का आटा (ल्ठ ढ४१ी इ१ल्ला) का 01 नमूना लिया गया तथा इस स्टोर का खाद्य लाइसेंस/ पंजीकरण नहीं पाए जाने पर सील किया गया। उक्त दुकानदारों से सप्लायर/ निमार्ता की जानकारी प्राप्त करके चिपयाना बुजुर्ग स्थित उक्त ब्रांड के निमार्ता ल्ठ ऊ रस्र्ल्ली२ का निरीक्षण किया गया, मौके पर कुट्टू आटा अथवा कुट्टू गिरी नहीं पाई गई किंतु हल्दी पाउडर व मिर्च पाउडर पाया गया, जिसके 1-1 नमूना लिए गये। उक्त इकाई के संचालनकर्ता विश्वेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आटा सप्लाई किये जाने की स्वीकारोक्ति की गई। निर्माण इकाई खसरा न 507 में स्थित पाई गई, जोकि जनपद गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत आता है, जबकि उसके द्वारा भ्रामक सूचना देकर जनपद गाजियाबाद से खाद्य पंजीकरण प्राप्त करके व्यवसाय किया जा रहा था, इस कारण उसे सील कर दिया गया। नमूना जांच के लिए भेजे गए हैं। इस प्रकरण में विभाग द्वारा थाना बिसरख में तहरीर भी दी गई है।

## हैबिटेट मॉल के स्टोर में लाखों के गबन का खुलासा, दो कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित हैबिटेट मॉल के एक निजी कंपनी स्टोर में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। स्टोर के कैश काउंटर पर तैनात दो कर्मचारियों पर ग्राहकों से नकद राशि लेकर उसे कंपनी के अभिलेखों में दर्ज न करने और रकम हड़पने का आरोप है। मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्टोर मुख्यालय को नवंबर 2025 में वित्तीय गड़बड़ी की सूचना मिली थी, जिसके बाद जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि कैश काउंटर पर तैनात कर्मचारी कलुआ सिंह और सुशील तिवारी ग्राहकों से नकद भुगतान लेकर उसे कंपनी के सॉफ्टवेयर में दर्ज नहीं करते थे और राशि अपने पास रख लेते थे। इस तरह कुल 11.65 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया। जांच के बाद 7 नवंबर 2025 को दोनों कर्मचारियों से पूछताछ की गई। आरोप है कि उन्होंने मौखिक रूप से गलती स्वीकार की, लेकिन लिखित में स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों कर्मचारी जबरन स्टोर में घुस आए और स्टोर प्रबंधक उमेश पर दबाव बनाते हुए कैश काउंटर से 16 हजार रुपये निकालकर ले गए। मामले में स्टोर की क्षेत्रीय प्रबंधक स्मृति शर्मा की ओर से दोनों कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की भूमिका व वित्तीय लेनदेन की जांच की जा रही है। घटना ने निजी संस्थानों में वित्तीय निगरानी और कैश प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर किया है।

## युवक से मोबाइल छीनकर फरार, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। अंगद मौर्य 29 जनवरी को अपने एक साथी के साथ ड्यूटी समाप्त होने के बाद घर लौट रहे थे। आसरा सोसाइटी के पास उन्होंने कार सड़क किनारे खड़ी कर सब्जी खरीदने के लिए रुक गए। सब्जी खरीदने के बाद जब वह कार की ओर लौट रहे थे, तभी उनके सहकर्मी जितेंद्र का फोन आया और वह बात करने लगे। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश अचानक पहुंचे और उनका मोबाइल फोन छीनकर तेज गति से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती झपटमारी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।


## मृत पशुओं का मांस दिल्ली ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को मृत पशुओं का मांस दिल्ली ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मांस का नमूना जांच के लिए लिया और शेष मांस को नष्ट कर जमीन में दबवा दिया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मृत पशुओं का मांस मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। रहीसपुर निवासी सुमित शर्मा ने बताया कि रविवार को वह अपने मित्र संजय और पवन के साथ टीला मोड़ से दिल्ली की ओर जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने एक एसयूवी कार की ट्रॉली से खून रिसते देखा। शक होने पर उन्होंने वाहन का पीछा किया और श्याम इंडस्ट्रियल एरिया के पास उसे रुकवा लिया। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जांच करने पर ट्रॉली में प्लास्टिक के बोरे में लगभग दो क्विंटल मांस भरा मिला। आरोपियों की पहचान लोनी के सिकरानी निवासी अजय और सोनू के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे शकलपुरा के जंगल में मृत पशुओं को काटकर मांस दिल्ली के चांद बाग निवासी एक व्यक्ति को सप्लाई करने जा रहे थे। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले से मृत पशु का मांस खाने से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। नमूना जांच के लिए भेज दिया गया है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और सप्लाई नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। इस कार्रवाई से अवैध मांस तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।

# साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में चरण ऑटो टेक कंपनी में लगी भीषण आग

कपिल चौहान





**गाजियबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के साइट 4 में चरण ऑटो टेक में आग लग गई। वहां पर बाइक के स्पेयर पार्ट बनाने का काम किया जाता है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर फायर विभाग की टीम पहुँची। फायर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। आग गोदाम के अंदर तीन साइड में लगी थी। आग की तेज गति को देखते हुए नोएडा और हापुड से भी फायर टैंकर मौके पर मांगे गए। आग इतनी तेज थी कि वह बगल की कंपनी भारत वाई तक पहुँच गई थी। फायर विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से बुझा दिया।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याएँ गंभीरता से सुनीं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आमजन की समस्याएँ गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य तथा निर्माण विभाग से जुड़ी विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही अधिकारियों से जवाब तलब कर समाधान की प्रक्रिया प्रारम्भ कराई। जनता दर्शन के दौरान लोनी निवासी श्री कसाना ने अपने पुत्र के सीबीएसई बोर्ड के एडमिट कार्ड में विषय परिवर्तन की गंभीर समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि सही विषय भरे जाने के बावजूद एडमिट कार्ड में विषय बदल गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं अधिकारियों से तुरंत वार्ता कर त्रुटि सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही बच्चों का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित कर सकती है, इसलिए शिक्षा से जुड़े प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और किसानों ने भी विभिन्न राजस्व एवं भूमि विवादों के समाधान के लिए जिलाधिकारी से निवेदन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि विवादों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करे, जिससे विवादों का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। जनसुनवाई के दौरान डासना निवासी दिव्यांग युवक फुरकान ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी।

# महा शिवरात्रि पर्व पर ग्राम सिहानी प्राचीन शिव मंदिर में महाशिव पुराण का शुभारम्भ

अनिल कुमार





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम झेत्र के ग्राम सिहानी में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर की श्री शिव सेवा कल्याण समिति द्वारा प्राचीन शिव मंदिर में महाशिव पुराण का शुभारम्भ किया गया जिसमे ढ़ोल तासो द्वारा रथ यात्रा निकाली गई क्षेत्रीय महिलाओ द्वारा पूजा अर्चना के साथ कलश यात्रा भी निकाली गयी

महिलाओ द्वारा कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर ग्राम सिहानी से निकलकर प्राचीन शिव मंदिर पर ही समाप्त हुई

महाशिवरात्रि पुराण कथा वाचक आचार्य पंडित पुनीत शास्त्री माँ बगलामुखी साधक द्वारा सुनाई गयी

समिति के अध्यक्ष प्रवीन त्यागी जी व कोसाध्यक्ष मनु त्यागी जी द्वारा बताया गया की यह प्राचीन शिव मंदिर काफी वर्ष पुराना है और यहाँ पर महाशिवरात्रि रात्रि पर काफी संख्या में शिव भक्त कावड़ियों व स्थानीय श्रद्धांलुओं द्वारा शिव महादेव पर जल चढ़ाया जाता है

महा शिवपुराण में कथा वाचक द्वारा शिव की अनेक अलौकिक कथाओं का वर्णन किया गया एवं सुन्दर व मधुर शव्दो द्वारा व्याख्या की गयी जिससे प्रांगड़ में मौजूद सभी बड़े बुजुर्ग बच्चे व महिलाएं शिव भक्ति प्रेम का आनन्द लेते नजर आए। वही समिति द्वारा महा शिवपुराण में मौजूद सभी शिव भक्तो के लिए जल की व्यवस्था भी की गयी। कलश यात्रा व रथ यात्रा के समय श्री शिव सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीन त्यागी जी व कोसाध्यक्ष मनु त्यागी जी अश्वनी त्यागी सलहकार अवधेश त्यागी. अरुण त्यागी नितिन त्यागी ललित त्यागी एवं समिति के सभी समस्त पदाधिकारीयों के साथ स्थानीय आमजन एवं झेत्रवासी मौजूद रहे।